19-april- AMBIKAPUR--Bhoomi pg-1-JACKET_Layout 1 4/19/2025 9:21 PM Page 1

हरिभूमि
# सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, रविवार, 20 अप्रैल 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


# उत्कृष्ट वैवाहिक कलेक्शन




IZOD | FORCE IX | BLACKBERRYS | Levi's | CRIMSOUNE CLUB FASHION CLOTHING | ARISTU | Beatnik
mufti | madame | JACK & JONES | INDIAN TERRAIN | RAISIN | RARE RABBIT | UNITED COLORS OF BENETTON.
PARK AVENUE | BIBA | indya | Rangriti | GINI & JONY freedom fashions | TWENTY DRESSES

# निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड द फैशन मॉल
## अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक
## Ph 07774 230041

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेस का सीएम हाउस घेराव 21 को

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में महिलाओं के प्रति उत्पीड़न, हत्या, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों की संख्या वृद्धि के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आवास का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार बिलकुल गंभीर नहीं हैं। प्रदेश में हत्या, लूट, चाकूबाजी, चोरी जैसे अपराधों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। प्रतिदिन बढ़ते अपराधों से आमजनता के बीच भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो रहा है। प्रदेश प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित वरिष्ठतम नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर उनसे प्रदेश में कानून व्यवस्था के बहाली की पुरजोर मांग करेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल होने रायपुर जाएंगे।

### पजामा पार्टी में बच्चों ने की विविध गतिविधियां




**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को पजामा पार्टी का आयोजन किया गया। पजामा पार्टी का नाम सुन बच्चे खुशी से स्कूल पहुंचे। बच्चों के स्कूल आने पर तत्काल उनका रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसके बाद बच्चे अपने-अपने अभिभावक के साथ सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो खिंचवाए। अभिभावकों को विदा कर बच्चों को उनके कमरों तक पहुंचाया गया। जहां बच्चे अपने परिधान बदलकर पजामा पार्टी में शामिल हुए। बच्चों का स्वागत तरबूज, शरबत से किया गया तथा शाम 4:30 बजे उन्हें स्विमिंग के लिए कमोदा विहार ले जाया गया। बच्चों ने पानी में खूब मस्ती की एवं वहीं पर नाश्ता किया। स्कूल से वापस आने पर पुराने पुराने मोजे से पोपट शो कराया गया। बच्चों ने कठपुतली बनाई एवं कठपुतली नृत्य का मजा लिया। बच्चों को मोजे की सहायता से राम, सीता, चील, कौआ, कठपुतली बनाना सिखाया गया। बच्चों ने कछुआ और खरगोश, रामयाण, लोमड़ी एवं अंगूर, बोब मम की कहानी सुनाई गई। भोजन उपरांत बच्चों ने स्टार गेजिंग किया और सोने चले गए। बच्चों को सुबह 5 बजे सूर्योदय दिखाया गया। व्यायाम करने के बाद उन्हें दुध और बिस्कुट दिया गया। बच्चों ने विद्यालय में अपने अनुभव बांटे तथा लिखकर प्रस्तुत किया। इस दौरान श्री साई शिक्षण समिति के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, अलका इंगोले सहित अन्य पदाधिकारी, प्राचार्य एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## निधन

### अनुष्का सोनी (टिया)



**बतौली/सेदम।** ग्राम सेदम निवासी राकेश सोनी की पुत्री अनुष्का सोनी (टिया) का शनिवार को सुबह रायपुर स्थित अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले एक सप्ताह से स्वास्थ्य खराब होने से अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थी। वे सेदम निवासी रिंकू सोनी की भतीजी थी। उनका अंतिम संस्कार 20 अप्रैल को गृह ग्राम सेदम स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

घटिया निर्माण देखकर भड़के विधायक

# प्रधानमंत्री जनमन के तहत बन रहे सड़क व पुलिया निर्माण में भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**
- जमकर लगाई फटकार, काम रोकने के निर्देश

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने पीएम जनमन योजना के तहत कराए जा रहे घटिया तटबंध निर्माण कार्य देख विधायक रामकुमार टोप्पो भड़क उठे। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से फटकार लगाते हुए काम रोकने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विदित हो कि पीएम जनमन योजना के तहत पहुंचविहीन क्षेत्र में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़क पुल पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य का जिम्मा प्रधामनंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों दिया गया है। विभाग द्वारा 231.660 लाख की लागत से ग्राम पेंट से डाहूझरिया तक 3 किमी सड़क समेत पुल एवं प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। इसी बीच क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो निर्माण कार्य का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे जहां तटबंध निर्माण कार्य के दौरान हो रहे घटिया निर्माण देख विधायक बिफर उठे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य मे उपयोग की जाने वाली सामग्री काफी निम्नस्तर की पाई गई। तटबंध निर्माण के लिए बनाए गए मसाले में सीमेंट की गुणवत्ता एवं गिट्टी का साइज मानक के विपरीत पाया गया। ऐसे में उन्होंने मौके से अधिकारियों को फोन पर जमकर लताड़ लगाते हुए काम रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जायेगा।इस योजना के पीछे प्रधानमंत्री का उद्देश्य अति पिछड़े तबके के पहाड़ी कोरवा जनजाति को समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके बावजूद अगर इसमे इस कदर लापरवाही बरती जा रही है तो ये काफी चिंताजनक है। इस घटिया निर्माण में जो भी अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार संलिप्त है उन सबके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।



निरीक्षण करते विधायक।

### घटिया निर्माण पर ग्रामीण भी हुए मुखर

पीएम जनमन योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य को लेकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान अधिकारी निरीक्षण करने नहीं आते हैं जिसकी वजह से इस योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर के है। अधिकारियों का ध्यान काम की गुणवत्ता पर कम ठेकेदार को लाभ दिलाने पर ज्यादा है। जिसकी वजह से वो मौके पर बहुत कम नजर आते है। इसका अनुचित लाभ उठाते हुए निर्माणकर्ता द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस बारे में विरोध जताने पर ठेकेदार के आदमी तू तू-मैं मैं पर उतारू हो जाते है। उन्होंने विधायक से इस घटिया तटबंध निर्माण समेत सड़क निर्माण की जांच कराने की मांग की है ताकि पीएम जनमन योजना में लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध कार्रवाई हो सके।



## नरकालो में किया गया पीएम आवास सर्वेक्षण

**लखनपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत नरकालो में 19 अप्रैल को आवास सर्वेक्षण 2.0 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, भाजपा महामंत्री विक्रम सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास सर्वे 2.0 हेतु ग्राम वासियों को जागरूक किया गया और त्रिस्तरीय चरण में आवास सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण किया जाएगा। कार्यक्रम जनपद सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, पीएम आवास बीसी शीनू पटेल आवास सर्वेक्षण कार्य लखनपुर ब्लॉक सभी 74 ग्राम पंचायतों में शुरू किया गया जिसके अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास प्रदान करने हेतु सूची बद्ध किया जा रहा है ताकि ब्लॉक के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त हो सके। इस दौरान सरपंच प्रेमचंद सिंह, सुनील सिंह, सचिव उपेंद्र सिंह, राजेंद्र टोप्पो, उपसरपंच हरीश सोनी, छोटेलाल मिंज, गिरीश सिंह, भारत सिंह, लक्ष्मण सिंह, बलजीत दास, खेमचंद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## आए दिन गाली-गलौज करने पर ग्रामीण ने अधेड़ को उतारा मौत के घाट

**प्रतापपुर।** आए दिन गाली-गलौज करने तथा कहीं पर भी अपमान करने से नाराज हुए ग्रामीण ने अधेड़ पर डंडा से प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। ग्राम पंचायत सोनपुर निवासी प्रभु राम (55 वर्ष) आज सुबह घर पर था तभी गांव के ही धर्मसाय (40 वर्ष) उसके घर आया और पुरानी रंजिश को लेकर डंडे से उस पर जानलेवा हमला कर फरार हो गया। इधर मारपीट से गंभीर हुए प्रभु राम की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह ग्रामीण उसके घर में हत्या करने की जानकारी लगते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिजन सहित गांव के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि प्रभु राम अक्सर आरोपी को देखकर गाली-गलौज कर कहीं भी उसे अपमानित करता था। आए दिन इस तरह की हरकत करने से आरोपी व्यथित महसूस करने लगा और आज सुबह डंडा लेकर उसके घर गया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। घटना में कोई और तो शामिल नहीं है इसे लेकर जांच की ज रही है।

## आबकारी उड़नदस्ता दल ने दो ठिकानों से जब्त की नशीला कैप्सूल व अवैध शराब





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुखबिर की सूचना पर संभागीय उड़नदस्ता दल ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीला कैप्सूल एवं अवैध शराब जब्त करने में सफलता पाई है। मामले में उड़नदस्ता दल ने नशीले कैप्सूल एवं अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है।

शुक्रवार को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता दल गश्त पर थी। इस दौरान सहायक आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर ने शहर के अलग-अलग ठिकानों पर आरोपियों द्वारा बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं एवं अवैध शराब का भंडारण कर कारबार संचालित करने की सूचना दी। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री गुप्ता ने गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम भगवानपुर खुर्द निवासी अरूण सिंह चौहान के घर में छापामार कार्रवाई की। आरोपी के घर की तलाशी में उड़नदस्ता दल को 1136 नग नशीला कैप्सूल मिला। नशीले कैप्सूल में 704 नग स्पास्मों मिला। नशीले कैप्सूल एवं 432 नगर प्रोक्सीको स्पास कैप्सूल कुल 1136 कैप्सूल जब्त कर आरोपी अरूण सिंह चौहान को एनडीपीएस की धारा 22सी के तहत किया गया। टीम ने गांधीनगर थाना अंतर्गत नाला पारा गंगापुर निवासी धरम अगरिया के कब्जे से 41 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त कर आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमार राम, अशोक सोनी, नीरज चौहान, नगर सैनिक गणेश पाण्डेय, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह शामिल थीं।

## चोरों ने गांधी नगर थाना क्षेत्र से पार किया तीन बाइक

**अम्बिकापुर।** कृष्णा सिंह आ. कमलेश सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गत दिन चाचा मुकेश सिंह की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 1223 से अजिरमा साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर खरीदारी करने के पश्चात वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला। इसी प्रकार दूसरी घटना में इंदर कुमार आ. राजेश कुमार (21 वर्ष) अपने शिवधारी कॉलोनी किराए के मकान के सामने बाइक क्रमांक जेएच 14 एम 5158 को खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह देखा तो बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद जब बाइक नहीं मिला तो गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं एक अन्य घटना में राज कुमार राजवाड़े गत दिनों भतीजा करमचंद के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 5108 से जोगी बांध अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसी बीच सुखरी बाजार स्थित होटल के सामने बाइक को खड़ी कर नाश्ता करने चले गए। 15 मिनट बाद बाहर निकले तो देखा बाइक गायब थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 23 अप्रैल 2025 दिन - बुधवार
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

AFFILIATED TO CBSE BOARD NEW DELHI
UNIQUE CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL
Nursery to K.G & Class 1st to 12th
Commerce, Maths Bio & Agriculture
English Medium Co-Eduction
ADMISSION OPEN CBSE BOARD
BOARDING / HOSTEL AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS (BEST RESIDENCE IN SURGUJA)
विशेषताएं (Ecatures)
- बच्चों के संपूर्ण विकास एवं उज्जवल भविष्य के लिए सदैव तत्पर
- AT.L. LAB की सुविधा
- कम्प्यूटर कोडिंग क्लास (1st -10th)
- प्रयोगशाला
- पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था
Contact Us
Chandani Chowk, Khairbar Road Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

न्यायालय तहसीलदार (पेटलावृत्त) सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.- /अ-6/2024-25

// ईश्तहार //

सर्व साधरण को ग्राम पंचायत बनेया, तेन्दूडांड को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारद राम आ. गजू जाति अहीर उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम बनेया थाना व तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 अन्तर्गत धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि वसीयतकर्ता खदेरू के स्वत्व एवं अधिपत्य साम्मिलात खाते की भूमि ग्राम बनेया में खाता क्रमांक 273 कुल रकबा 1.288 हे. एवं खात कमांक 274 कुल ख.नं.-21 कुल रकबा 8.117 हे. एवं ग्राम तेन्दूडांड के खाता क्रमांक 35 कुल ख.नं.-10 कुल रकबा 2.445 हे. एवं खाता क्रमांक 36 कुल ख.नं.-7 कुल रकबा 3.780 हे. तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. में स्थित है। वसीयतकर्ता खदेरू आ. ददई का मृत्यु दिनांक 14/10/1997 को हो गई है। आवेदक उक्त वाद भूमि को वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम, राजस्व अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र के साथ वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बी-1 संलग्न कर प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अंतः उक्त संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/04/2025 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
पेटलावृत्त
तहसील-सीतापुर, सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट (मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
- शुगर
- थायरॉइड
- ब्लडप्रेशर
- मोटापा
- स्ट्रोक (लकवा)
- एनेमिया (खून की कमी)
- अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ)
- टाइफाइड
- निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन)
- मलेरिया
- अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द)
- कमर दर्द
- UIT (पेशाब में जलन)
- पैरों में जलन या सूजन
- अनियमित महावरी
- बालों का झड़ना
- शरीर में ज्यादा बालों का होना
- माइग्रेन (सर में दर्द)
- गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वा सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
27 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
रविवार, 27 अप्रैल 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
- सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
- पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
- झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
- Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
- जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
- लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
- Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
- गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
- अपैण्डिक्स
- हार्निया
- पेट में गठान
- पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
रायपुर के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ कुमार MBBS, MD (Ortho) DNB (Ortho)
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ M.D. (MEDICINE), DM (Nephrology)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
20 अप्रैल 2025 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशांत MBBS, MD (General Medicine) DNB Neurology
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समयनुसार मिलें
मो.9630231500, 9630995600
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
डॉ.जे.पी. दुबे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 20 अप्रैल 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने ओडगी क्षेत्र के ग्रामों में किया जनसंपर्क






## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में चयन हेतु परीक्षा आज

**अम्बिकापुर।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित हो रही है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा जिला स्तर पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व अर्थात सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सुबह 9.30 बजे से ओएमआर शीट भराई की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को अपना मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड या विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा में केवल नीले या काले बॉलपॉइंट पेन का ही उपयोग करना होगा। परीक्षा के लिए 5 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। परीक्षा शहर के होली क्रॉस कॉन्वेंट स्कूल, कार्मेल स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, पॉलिटेक्निक व प्रयास आवासीय विद्यालय घंघरी में होगी।

### प्रदेश में बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेस का सीएम हाउस घेराव कल

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में महिलाओं के प्रति उत्पीड़न, हत्या, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों की संख्या वृद्धि के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आवास का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार बिलकुल गंभीर नहीं हैं। प्रदेश में हत्या, लूट, चाकूबाजी, चोरी जैसे अपराधों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। प्रतिदिन बढ़ते अपराधों से आमजनता के बीच भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो रहा है। प्रदेश प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित वरिष्ठतम नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर उनसे प्रदेश में कानून व्यवस्था के बहाली की पुरजोर मांग करेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल होने रायपुर जाएंगे।

### अब 22 को होगी गृह विज्ञान विषय की परीक्षा

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 26 मार्च से 21 अप्रैल तक संचालित हो रही है। 21 अप्रैल को हाई स्कूल की गृह विज्ञान की परीक्षा होनी थी जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। उक्त परीक्षा अब 22 अप्रैल को जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। जिले में 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले परीक्षा के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्था हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी डीएन मिश्रा को नोडल तथा सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्रीमती आशा रानी टोप्पो को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही कलेक्टर द्वारा परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही 22 अप्रैल को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता/निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

## सत्ता बदली लेकिन पार्षदों को नहीं मिला 23 महीने का लंबित मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सत्ता बदली लेकिन निगम की माली हालत में सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि अभी भी पिछले कार्यकाल से लंबित पार्षदों के मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद कई पार्षद निगम से बाहर भी हो गए लेकिन उनका वेतन नहीं आया। पार्षदों का विगत 23 महीने का वेतन नहीं मिला है ऐसे में उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर नगर निगम की नई सरकार से महापौर ने पिछली सरकार से लम्बित वेतन भुगतान को पहल कर शासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया है लेकिन फिलहाल राशि जारी होने के आसार नजर नहीं आ रहे है।

- पिछली सरकार के कार्यकाल से नहीं हुआ भुगतान, सरकार बदलने के बाद जगी थी उम्मीद, इस कार्यकाल में भी पहले माह का नहीं आया वेतन



बता दें कि नगर निगम वर्षों से आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। निगम के पास अतिरिक्त आय का जरिया नहीं होने के कारण कई बार निगम के पास अपने कर्मचारियों के लिए वेतन भुगतान की राशि नहीं रहती है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद नगर निगम अंबिकापुर को खासा नुकसान उठाना पड़ा और नगर निगम को वेतन भुगतान करने के लिए भी जूझना पड़ा। ऐसे में पिछली सरकार ने अपने पार्षदों को छोडकर प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन भुगतान को प्राथमिकता दी और यही वजह है कि नगर निगम में पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान से ही नगर निगम के पार्षदों का वेतन लंबित पड़ा हुआ है। पूर्वर्ती निगम सरकार ने सत्ता पक्ष और विपक्ष की सहमति से प्रस्ताव बनाकर भेजा था लेकिन शासन से स्वीकृति नहीं मिली और इस बीच नगर निगम में भी सत्ता परिवर्तन हो गया। यही वजह है कि वेतन पाने के इंतजार में कई पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया और वे निगम से बाहर भी हो गए। निगम में सरकार बदलने के बाद उम्मीद जगी थी कि पार्षदों को उनका वेतन भुगतान अब जल्द हो जाएगा लेकिन अब तक पार्षदों के वेतन को लेकर प्रदेश सरकार से कोई पहल नहीं हुई है। वहीं इस कार्यकाल को भी एक माह से अधिक का समय हो गया लेकिन इस एक माह की अवधि का वेतन भुगतान भी अब तक पार्षदों को नहीं हुआ है।

### मेयर ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात

हालांकी पिछली सरकार के कार्यकाल के लंबित वेतन भुगतान को लेकर नगर निगम की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने पहल की है। उन्होंने इस संबंध में रायपुर जाकर डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाक़ात की और उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। मेयर का कहना है कि यह पूर्व सरकार की लापरवाही का खामियाजा है जिसे हमें भुगतना पड़ रहा है। यदि प्रतिमाह वेतन का भुगतान किया गया होता तो यह स्थिति नहीं बनती। नगर निगम कंगाल है और सरकार के कार्यकाल को सिर्फ एक माह ही हुआ है।

#### पार्षदों को मिलता है 15 हजार रुपए

नगर निगम में महापौर, सभापति व पार्षदों के लिए अलग अलग वेतन का निर्धारण किया गया है। नगर निगम में महापौर को सर्वाधिक 25 हजार रुपए प्रतिमाह व सभापति को 22 हजार रुपए प्रतिमाह मिलता है। इसके साथ ही पार्षदों को 15 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से वेतन दिया जाता है। निगम के जनप्रतिनिधियों के वेतन भुगतान के लिए अलग से किसी मद की व्यवस्था नहीं होती। निगम आयुक्त को वेतन का भुगतान निकाय मद से करना होता है लेकिन पूर्व के अधिकारियों ने वेतन भुगतान को लेकर कोई खास रुचि नहीं दिखाई। बताया जा रहा है कि वर्तमान में निगम के पार्षद, महापौर और सभापति के करोडो रूपए का बकाया है।

### राज्य सरकार कर रही प्रयास

यह सभी का अधिकार है कि उन्हें समय पर वेतन का भुगतान हो। पूर्व की सरकार की लापरवाही और नाकामी के कारन पार्षदों को वेतन का भुगतान नहीं हुआ। हमारी सरकार पिछले कार्यकाल का वेतन भुगतान करने प्रयास कर रही है। निगम कर्ज में डूबा हुआ है। हमारे कार्यकाल में प्रतिमाह वेतन का भुगतान होगा। फिलहाल एक पार्षद ने अपना खाता नम्बर प्रदान नही किया है जिससे सभी का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है।

**-श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर

### होनी चाहिए पहल

पार्षदों को दो साल से वेतन का भुगतान नहीं हुआ। इनमें कुछ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पार्षद भी है जिन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हमारी सरकार ने पुराने फायर स्टेशन में बनी दुकानों की नीलामी कर भुगतान की योजना बनाई थी। निगम सरकार को चाहिए कि इस दिशा में पहल करनी चाहिए। इसके साथ ही यदि शासन से किसी अन्य मद से राशि मिलती है तो जल्द से जल्द पार्षदों का वेतन भुगतान होना चाहिए।

**-शफी अहमद**, नेता प्रतिपक्ष ननि

### पेड़ से बांधकर की गई युवक की पिटाई, वीडियो वायरल

## चोरी की शंका पर महिला-पुरुषों को घर से बाहर निकालकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के तकिया ग्राम में चोरी की शंका के आधार पर मारपीट का मामला सामने आया है। लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं, पुरुषों को बाहर निकाला और उनकी बेरहमी से पिटाई की। इतना ही नहीं महिलाओं से छेड़खानी की गई जबकि युवकों को पेड़ से बांधकर पीटा गया और उन्हें आग से जलाने और टांगी से काटने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद परिवार दहशत में है। मारपीट में दो महिलाओं समेत छह लोग घायल हुए है। इस घटना से जुड़ा वीडियो वायरल हो रहा है। इधर इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश चल रही है।

**खास बात**

- घटना के बाद दहशत में परिवार

बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम बहेराडीह निवासी ताहिर अंसारी कोतवाली थाना अंतर्गत तकिया ग्राम में किराए के मकान में रहता है। ताहिर अंसारी ठेला चलाते है जबकि उनके बेटे पेंट पुट्टी का काम करते है। बताया जा रहा है कि 18 अप्रैल की सुबह 7 बजे ताहिर अंसारी का परिवार घर में था और ताहिर के पुत्र शाहिद अंसारी से मिलने के लिए अजबनगर निवासी मनोज बाईन व गोधानपुर निवासी मंजीत सिंह आए हुए थे। इसी समय मोहल्ले में रहने वाला रमजान, अतीक, छोटी व अन्य लोग उनके घर पर पहुंचे और परिवार के सदस्यों को बाहर बुलाया। इस दौरान शहीद अंसारी के साथ ही उसके पितिया ताहिर अंसारी, बड़ा भाई वाहिद, शाहिद की पत्नी आकृति उर्फ पारुल, दोस्त मनोज, मंजीत सिंह बाहर आए। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों पर चोरी करने का आरोप लगाकर गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से परिवार के सदस्य घबरा गए। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और पुरुषों के साथ लाठी, डंडे और लात मुक्के से मारपीट की। इस दौरान युवक की मां शबाना खातून युवकों को बचाने के लिए किसी तरह खींचकर घर के अंदर ले गई और घर बंद कर दिया।



परिवार के घायल सदस्य।



परिवार के सदस्यों को घर से बाहर खींचते लोग।

### पेड़ से बांधकर की मारपीट

बड़ी संख्या में आए लोगों ने ताहिर अंसारी के घर में जमकर उत्पात मचाया। जब महिला ने अपने बच्चों और उसके साथियों को घर के अंदर बंद कर दिया तो आरोपियों ने महिला शबाना खातून, शाहिद की पत्नी पारुल उर्फ आकृति के साथ मारपीट करने लगे और उन्हें दरवाजे पर लात मारने लगे। इतना ही नहीं उन्होंने टांगी से दरवाजे को तोड़ दिया। जब शाहिद अंसारी और उसके दोस्त मनोज बाईन व मंजीत सिंह बाहर आए तो उन्होंने चोरी का आरोप लगाते हुए युवकों के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उन्होंने युवक को पेड़ से बांध दिया और उसे पीटा। इस दौरान गांव के लोगों ने घटना से जुड़ा वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। घटना के दौरान लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा उन्हें छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मारपीट में शबाना खातून, पारुल, ताहिर अंसारी, शाहिद अंसारी, मनोज बाईन व मंजीत सिंह को चोट आई है।

#### तीन लोगों को किया गया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला चोरी से जुड़ा हुआ है। आरोपियों ने नगदी और जेवर की चोरी का आरोप परिवार पर लगाया है जबकि परिवार के सदस्य उन्हें समझाते रहे कि यदि घटना हुई है तो वे पुलिस में शिकायत करें। इधर अब इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 324(2), 191(2) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही प्रारंभिक रूप से मुख्य आरोपी तकिया निवासी 47 वर्षीय मो.अतिक आ. स्व. मईनुद्दीन, 35 वर्षीय रमजान अंसारी आ. निजामुद्दीन अंसारी व 21 वर्षीय जसीम अंसारी उर्फ छोटु आ. मुर्तुजा अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि शेष अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



## साइबर ठगी मामले के फरार दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बैंक खाता को किराए पर उपलब्ध कराए जाने के मामले में दो अन्य फरार आरोपियों को पुलिस ने आज शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि साइबर ठगों के नेटवर्क में शामिल 3 आरोपियों को पूर्व में पकड़ा जा चूका है, जिनसे मिले अहम सुराग के जरिए साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट, एमटीएम कार्ड देने के बदले 10 से 25 हजार रुपए लेने वाले 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनके बैंक अकाउंट की पहचान कर ली गई है, जिसमें 11 लाख रुपए से अधिक का लेन देन हुआ है।गौरतलब है कि पिछले दिनों 16 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर से म्यूल एकाउंट से संबधित अपराध पंजीबद्ध करने हेतु जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है, जो धारा 317 (4), 318 (2), 61 (2) (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने अपराध विवेचना दौरान म्यूल एकाउंट खाता धारक चन्द्रदेव पैकरा को पकड़ा था, जिसके बताए अनुसार उसके साथी कमलेश्वर सिंह व रूपन पैकरा को भी पकड़ा है। पूछताछ पर आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त म्यूल एकाउण्ट से संबंधित पासबुक, एटीएम व चेकबुक को जब्त कर तीनों आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की निशानदेही पर सज्जन कुमार गुप्ता को पकड़ा गया है। पूछताछ पर इसने बताया कि चन्द्रदेव, कमलेश्वर व रूपन के खाता को किराए पर लेकर अपने ऊपर के व्यक्ति अनिल को प्रति सेविंग एकाउण्ट 10 हजार रूपए प्रति माह एवं प्रति करेन्ट एकाउण्ट 25 हजार रूपए नगद एवं खातों में प्राप्त करता था, इसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त किया गया। म्यूल अकाउंट धोखाधड़ी की कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने अनिल कुमार को दबिश देकर पकड़ा, जिसने बताया कि सज्जन गुप्ता से उसका तथा अन्य व्यक्तियों का खाता ऑनलाईन फ्रॉड के पैसों को ट्रान्जेक्शन हेतु उपयोग करना बताते हुए उपरोक्त दिए गए खातों एवं स्वयं के खातों के एवज में प्रति ट्रान्जेक्शन पर 0.25 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करना बताया। दोनों के करेन्ट एकाउण्ट पर फ्रॉड के पैसों का डिटेल निकालने पर अनिल के खातों में 5 लाख 25 हजार 1 रूपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। जिसका ऑनलाईन शिकायत भारत के कई राज्य तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, वेस्ट बंगाल, गुजरात एवं मध्यप्रदेश में सायबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज है एवं आरोपी सज्जन प्रसाद गुप्ता के खातों में फ्रॉड का 6 लाख 3 रूपए का ट्रान्जेक्शन हुआ है। जिसका सायबर पोर्टल पर भारत के कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में शिकायत दर्ज है। मामले में आरोपी क्रमशः सज्जन कुमार गुप्ता पिता राधेश्याम गुप्ता 36 वर्ष निवासी जमीरा पाठ थाना सामरी पाठ जिला बलरामपुर एवं अनिल पिता शिव पूजन प्रसाद 49 वर्ष निवासी निवासी दाउद नगर, वार्ड नम्बर 18 थाना दाउदनगर, जिला औरंगाबाद बिहार को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में बिश्रामपुर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा, एएसआई अविनाश सिंह, देवनाथ चौधरी, साईबर प्रभारी राकेश यादव, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, सोहर लाल पावले, दीपक चौधरी, आरक्षक युवराज यादव, रोशन सिंह, विनोद सारथी, जयप्रकाश यादव एवं आसिफ सक्रिय रहे।

## सीमांकन के दौरान पटवारी से मारपीट और गाली गलौज, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तहसीलदार के आदेश पर जमीन का सीमंकन करने गए पटवारी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पटवारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। रघुनाथनगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी निवासी पटवारी 42 वर्षीय मोहन राम आ. ननकू राम वाड्रफनगर क्षेत्र में पदस्थ है। पटवारी ग्राम जौराही में तसीलदार 8 अप्रैल के ज्ञापन के परिपालन में वाद भूमि खसरा नम्बर 593/1 एवं 593/2 का सीमांकन करने 17 अप्रैल को गया हुआ था। पटवारी जब सीमांकन कर रहा था तो खसरा नम्बर 239 का भूमि स्वामी देवलाल यादव मौके पर पहुंचा और सीमांकन कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा इसके साथ ही पटवारी के साथ जातिगत गाली गलौज करने के साथ ही उसे दो थप्पड़ मार दिया वहीं आरोपी ने पटवारी को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले की शिकायत पटवारी ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 121 (1), 221, 224 एवं 3 (1), द, ध एसटी एसी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने अब मामले में मुख्य आरोपी रघुनाथनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जौराही निवासी 28 वर्षीय देवलाल यादव आ. जयपाल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### जेईई एडवांस के लिए हुए चयनित, प्रयास घंघरी से 44 बच्चों ने दी थी परीक्षा

## जेईई मेंस में प्रयास के 16 बच्चों ने हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जेईई मेंस की परीक्षा में सरगुजा प्रयास आवासीय विद्यालय के 16 बच्चों ने सफलता हासिल की है। प्रयास के बच्चे जेईई मेंस की परीक्षा पास कर जेईई एडवांस के लिए चयनित हो गए है। इस सफलता से बच्चों में भारी उत्साह का माहौल है। बता दें कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जाता है। सरगुजा में भी घंघरी में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। आवासीय विद्यालय में 125 सीटों पर बच्चों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई कराने के साथ ही जेईई और नीट की तैयारी कराई जा रही है। इस बार भी प्रयास से कुल 44 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस के लिए परीक्षा दी थी। 1 से 8 अप्रैल तक चली परीक्षा के बाद 18 अप्रैल की देर शाम मेंस के परिमाण घोषित किए गए और इस परिणाम के बाद प्रयास घंघरी के बच्चों में ख़ासा उत्साह है। जेईई मेंस की परीक्षा में कुल 16 बच्चों में



सफलता हासिल की है और अब उनका चयन जेईई एडवांस के लिए हुआ है। इसमें सर्वाधिक 90 पर्सेंटाइल के साथ प्रदीप सिंह ने सफलता पाई है। इसके साथ ही लगभग 5 से 6 बच्चे ऐसे है जिनका चयन प्रतिशत के आधार पर एनआईटी में होने की संभावना है जबकि शेष सभी बच्चे 18 मई को होने वाली जेईई एडवांस की परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में आदित्य कुमार सिंह, अनिल मरकाम, अंकित राजवाड़े, आशीष बैरागी, भूपेन्द्र सिंह, चंद्रहास आग, दीपक कुमार प्रावी, हेमंत सिंह, जैसेना, मां सिंह, मेघा बर्मन, मोनिका, निलेश सिंह, नितिन कुमार एक्का, प्रदीप सिंह, रोहित मरावी का चयन हुआ है। इस सम्बन्ध में प्रयास के प्राचार्य ओपी साहू ने बताया कि परीक्षा में कुल 16 बच्चे जेईई एडवांस के लिए चयनित हुए है। प्रयास में प्रदेशभर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रयास में चयन के लिए होने वाली परीक्षा के बाद आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर मेरिट सूची जारी की जाति है और प्रतिशत के आधार पर प्रयास में सीटों का आबंटन किया जाता है। प्रयास में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों की पढाई होती है इसक दौरान उन्होंने बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। दिन के समय प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग होती है जबकि दोपहर में बच्चों की कक्षाएं संचालित होती है। प्रयास में पढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा संस्था का चयन किया जाता है। इस बार सरगुजा में चौकम्भा सोसायटी दिल्ली के शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जा रही है जिसमें बोर्ड के 5 और जेईई व नीट के 4 शिक्षक, 1 पीटीआई, 1 काउंसलर द्वारा बच्चों की पढाई जा रही है।

## बारात लेकर जा रही अनियंत्रित वैन पेड़ से टकराई, ड्राइवर की इलाज दौरान मौत

**बिश्रामपुर।** बारात लेकर नवाबांध कुंवरपुर जा रही ओमनी मारुति कार अनियंत्रित होकर पासिंग नाला के समीप सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल सुरजपुर जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान वाहन चालक की मौत हो गई है। गौरतलब है कि करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूनीयाडीह निवासी 36 वर्षीय चालक रामेश्वर राजवाड़े पिता चंद्रिका गांव से बारात लेकर नवाबांध कुंवरपुर जा रहा था। तभी बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर पासिंग नाला के समीप बारातियों से भरी मारुति ओमनी कार क्रमांक सीजी 29 ए 3699 सड़क किनारे एक नीम पेड़ से टकराते हुए पलट गई। दुर्घटना में आमजनों की मदद से पुलिस बल ने घायलों को तत्काल सुरजपुर जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चालक रामेश्वर राजवाड़े की उपचार के दौरान मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार करीब आधा दर्जन बारातियों को भी चोटें आई है, जिन्हें उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

- वैन में सवार आधा दर्जन ग्रामीणों को भी आईं चोटें



19 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/19/2025 10:09 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### प्रदर्शनी लगाकर महिलाओं एवं बच्चों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

**सोनगरा।** सोनगरा में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषक आहारों की प्रदर्शनी लगाकर महिलाओं बच्चों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया। पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक सोनगरा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र नावापारा में सेक्टर के 21 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों को आयुष विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी एवं आयुष केंद्र सोनगरा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष सिंह द्वारा पोषण से सम्बंधित पोषक आहारों, 1000 दिनों के महत्व, गर्भावस्था एवं पहले दो वर्ष तक शिशु की विशेष देखभाल, 6 माह तक स्तनपान व ऊपरी आहार की शुरुआत कब करें, कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर चिकित्सक से परामर्श कर पोषण पुनर्वास केंद्रों में भेजना, मोटे आनाज, परम्परागत आहार प्रथाएं, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, शारीरिक साफ सफाई, स्वर्णप्रशन संस्कार, टीकाकरण, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जीवन शैली को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। डॉ. सिंह लोगों को जागरूक करने की बात कही। कार्यक्रम में डॉ. संतोष सिंह, सुपरवाइजर श्रीमती मानकुंवर ध्रुवे एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गर्भवती माताएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### अवैध रूप से हो रहा था यूकेलिप्ट्स लकड़ी का परिवहन, ट्रैक्टर जब्त



**सीतापुर।** बिना अनुमति के अवैध रूप से लकड़ी परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को ट्रॉली समेत वन विभाग ने जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस मामले में वन विभाग अवैध रूप से लकड़ी परिवहन में संलिप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध राजसात की कार्रवाई की तैयारी में है। विदित हो कि बिना किसी वैध परमिशन के ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से लकड़ी परिवहन किया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर वनपरिक्षेत्राधिकारी विजय कुमार तिवारी एवं वन अमला ने उक्त ट्रैक्टर को लकड़ी लोड ट्रॉली समेत ग्राम मंगारी हाईस्कूल के पास पकड़ा। पकड़े गए ट्रैक्टर की ट्रॉली में भारी मात्रा में यूकेलिप्टस की लकड़ी लोड थी जिसे बिना अनुमति के अनस नामक युवक द्वारा परिवहन कराया जा रहा था।वन विभाग द्वारा ट्रैक्टर पकड़ने के बाद जब मौके पर मौजूद युवक से परिवहन संबंधी दस्तावेज पेश करने को कहा गया तब युवक दस्तावेज पेश करने के बजाए मौका देख वहां से फरार हो गया जिसके बाद वन अमला लकड़ी लोड ट्रैक्टर को ट्रॉली समेत जब्त करते हुए कार्यालय लेकर आई जहां जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई जा रही है। इस संबंध में वनपरिक्षेत्राधिकारी विजय कुमार तिवारी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर बिना परमिशन के लकड़ी परिवहन करते पाया गया था। दस्तावेज के अभाव में उक्त ट्रैक्टर को वन विभाग द्वारा जब्त किया गया है। इस मामले में जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### अधेड़ के कब्जे से 22 लीटर हाथभट्टी निर्मित महुआ शराब जब्त

**बिश्रामपुर।** अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को आबकारी विभाग द्वारा गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर निवासी नारायण पिता स्व. काशीराम साहू 63 वर्ष के कब्जे से आबकारी विभाग द्वारा 22 लीटर हाथभट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद कर जब्त कर छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2), 59 (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है।बताया गया कि आरोपी नारायण के विरुद्ध करीब चार वर्ष पूर्व भी आबकारी अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की जा चुकी है,शनिवार को आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार रात्रे द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया है।

## विवाद एवं जल स्रोत के अभाव में 170 मोहल्लों में नहीं पहुंचा पानी

# चार सालों में घर-घर पानी पहुंचाने विद्युतविहीन 710 टोलों में से 505 में लगी सोलर यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में जल-जीवन मिशन के कार्यों में गति नहीं आ रही है। विभाग द्वारा प्रारंभ में बरती गई लापरवाही अब भारी पड़ रही है। निर्माण की धीमी गति के कारण न केवल बड़े गांव बल्कि वन क्षेत्र से सटे दूरस्थ पारे, मोहल्ले भी गर्मी में जल संकट से जूझ रहे हैं।

**खास बातें**
- अब पास की टंकी से जोड़ने एवं नया हैण्डपंप लगाने की तैयारी
- कछुआ गति से चल रहा जल जीवन मिशन का निर्माण

शासन द्वारा जल-जीवन मिशन के तहत न केवल बड़े गांवों बल्कि दूरस्थ पारे-मोहल्लों मं भी घर-घर पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जंगल एवं पहाडों पर बसे इन पारा-मोहल्लों में सर्वे के दौरान विद्युत सुविधा नहीं होने के कारण विभाग ने इन पारा-मोहल्लों में सोलर पानी टंकी से घर-घर पानी पहुंचा ने की योजना बनाई थी। योजना के तहत लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पारा-मोहल्लों में जलस्त्रोत उपलब्ध कराने के साथ पाइप लाइन विस्तार कराने तथा क्रेडा द्वारा जलस्त्रोत में सोलर पंप लगाकर पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था। योजना के तहत जिले भ्डर के 710 पारा-मोहल्लों का चिन्हांकन कर सोलर पंप एवं पानी टंकी लगाने की जिम्मेदारी क्रेडा को सौंपी गई थी। पीएचई ने योजना के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2021-22 में राशि भी उपलब्ध कराने के बाद विभाग के अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली तथा कभी इसकी प्रगति की जानकारी लेने की भी जरूरत नहीं समझी। हालत यह है कि चार साल का लम्बा समय गुजरने के बाद भी 710 पारा-टोलों में से मात्र 505 टोलों में ही अब तक सोलर पानी टंकी लगाने का काम पूरा कर पाया है जबकि शेष 35 पारा-टोलों में योजना का काम चल रहा है। शेष क्षेत्रों में पानी उपलब्ध नहीं होने, भूमि विवाद एवं हैण्डपंप में सोलर यूनिट लगाने से मना करने के कारण योजना का काम ठप पड़ गया है। इन पारा-टोलों में पूर्व से हैण्डपंप उपलब्ध होने के कारण उसी में सोलर पंप लगाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन कई टोलों में हैण्डपंप सूख गया है वहीं कई में आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध नहीं है। अब ऐसे टोलो में पानी का स्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है।



**10 किलो लीटर की टंकी से आपूर्ति**

योजना अंतर्गत क्रेडा द्वारा 9 मीटर ऊंचा स्ट्रक्चर तैयर कर 5-5 किलो लीटर के दो पानी टंकी लगाई है। पीएचई द्वारा तैयार पाइप लाइन से पंप को जोड़कर घर-घर पानी आपूर्ति की जा रही है। पूर्व के विद्युतविहीन कई टोले पारे अब विद्युतिकृत हो गए हैं लेकिन पूर्व में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार इन गांवों में सोलर पंप के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन जिस गति से योजना का काम चल रहा है सभी पारा-टोलों में घर-घर पानी पहुंचाने में लम्बा समय लग सकता है। योजना के तहत चयनित कई पारा-टोले पहाड़ी पर बसे हैं जहां पूर्व से पानी की समस्या है। ऐसे टोलों में निवासरत ग्रामीणों की गर्मी में पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**इन टोलो में सूखे हैण्डपंप**

जिन पारा टोलों में सोलर पंप के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने का निर्णय लिया गया उनमें से 8 टोलों में योजना के लिए चिन्हांकित हैण्डपंप सूख गए हैं। कुछ में पानी है भी तो योजना के संचालन के उपयुक्त नहीं है। विकास खण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम बांसाझाल, सरमना, विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम सरभंजा, विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम सकरिया, तिरकेला, गुमगा एवं डांड़गांव के चिन्हांकित हैण्डपंप सूख गए हैं। विभाग अब इन गांवों को आसपास के ग्राम पंचायतों में बनी पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति करने की योजना बना रहा है। जिन पारा-मोहल्लों में विभाग नया हैण्डपंप लगाने की तैयारी कर रहा है।

**जगह-जगह विवाद**

कई पारा-टोलों में सोलर पंप लगाने के लिए ग्रामीण तैयार नहीं हो रहे हैं और योजना के लिए चिन्हित हैण्डपंप को अपना बता विवाद कर रहे हैं। ग्रामीण जल जीवन मिशन के लिए नया हैण्ड पंप लगाने की मांग कर रहे है। कुछ टोलों में जलस्रोत उपलब्ध है तथा पर्याप्त पानी भी है लेकिन सोलर टंकी लगाने की जगह उपलब्ध नहीं हो रही है। आपसी विवाद के कारण विकास खण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम सुपलगा, असगवां एवं कदनई में क्रेडा सोलर प्लांट नहीं लगा पा रहा है।

**दी जा रही समझाइश**

जल स्रोत को लेकर विवाद करने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है। कुछ पारा-टोलों के ग्रामीण सोलर यूनिट लगाने के लिए राजी हो गए हैं। समस्याग्रस्त टोलों में नया हैण्डपंप खनन कराने एवं पास के टंकी से पानी आपूर्ति करने की योजना बनाई जा रही है।
**-एसके सिन्हा**, ईई, पीएचई

**शीघ्र शुरू होगी आपूर्ति**

विवादित टोलों को छोड़कर शेष 44 पारा-टोलों में शीघ्र आपूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी।
**-संदीप कुमार मार्को**, ईई, क्रेडा



## सेंट्रल बैंक में खाताधारक हो रहे अव्यवस्था के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के कर्मचारी मनमानी व्यवहार से खातेदार हो रहे हैं परेशान। बैंक आने वाले खाता धारकों को भुगतान और कैश जमा करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसके साथ ही लोग कर्मचारियों के दुर्व्यवहार के भी शिकार हो रहे है जिससे लोगों में खासी नाराजगी है। बता दें कि नगर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा संचालित है। इस शाखा में शासकीय कर्मचारियों, किसान, पेंशनधारी, निराश्रित सहित अन्य लोगों का खाता मौजूद है। लोगों का कहना है कि उन्हें बैंक में राशि आहरण के घंटों बैंक में इंतजार करना पड़ता है इसके साथ ही खाता खुलवाने के लिए भी बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे है। बैंक में पैसा निकालने आई बुजुर्ग, महिला खाताधारकों को कैशियर द्वारा घंटों लाइन में खड़ा रखा जाता है और उन्त्से अभद्र भाषा में दुर्व्यवहार किया जाता है। आए दिन लोगों को पासबुक एंट्री करने के लिए दिक्कतें होती है और कर्मचारी सर्वर खराब होने का बहाना बनाते है जिससे खाता धारकों को इस बात की जानकारी नहीं मिल पाती है कि उनके खातों में कितनी राशि बैलेंस है। ग्राहकों का कहना है सेंट्रल बैंक के एटीएम भी खुला तो रहता है लेकिन कैश की समस्या हमेशा रहती है और उन्हें मजबूरन दूसरे बैंक के एटीएम से जाकर आहरण करना पड़ता है जबकि सुबह 11 बजे पैसा आहरण के लिए पासबुक जमा करने के बाद दो से तीन बजे भुगतान किया जाता है। यही वजह है कि लोग अब मजबूर होकर अपना खाता बंद कर रहे है या अन्य बैंकों में खाता खुलवाकर लेनदेन कर रहे है।

- घंटों करना पड़ रहा इंतजार

**भीड़ के कारण समस्या**

हम अपने कैशियर पर ज्यादा दबाव नहीं डाल सकते। बैंक में काफी भीड़ भाड़ रहती है जिसकी वजह से दिक्कत है, जल्द ही इस समस्या को ठीक कर लिया जाएगा।
-आलोक बेक
प्रबंधक सेंटल बैंक

## कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने ओडगी क्षेत्र के ग्रामों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक मुख्यालय ओड़गी के बांक, बड़वार, कैलाशनगर, पालकेवरा, घुइडीह, बनगवा और छतरंग सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंच कर ग्रामीणों के समस्या से रूबरू हुई और निराकरण करने तथा लापरवाह अधिकारीयों व कर्मचारीयों को फटकार लगाई।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जो ग्रामीण पढ़ नहीं पाते है उनके हाथ में कागज थमा देने से नहीं बनेगा। उनको समझ नहीं आएगा बल्कि घर पहुंच कर सभी अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों को बताने की भी आवश्यकता है। ताकि जनता सरलता से समझ पाए और योजना का लाभ उठाएं। मंत्री ने उपस्थित लोगों को सरकारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत बांक में 21 लाख रुपए का निर्माण कार्य सीसी रोड़ व अन्य कार्यो की स्वीकृति प्रदान की साथ ही ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने विद्युत विस्तार जल्द कराने की भी बात कही। ग्राम पंचायत छतरंग सहित कई गाँवों में सीसी रोड़, पुल पुलिया बाउंड्री वॉल व अन्य निर्माण कार्यो की बात कही। उन्होंने छत रंग मे कन्या छात्रावास निर्माण की मांग पर जल्द निर्माण की बात कही। इस दौरान राजेश तिवारी,गौरी सिंह, बलराम सोनी, सोनमती पंडो, निरंजन, रामकुमारी चेरवा, जगप्रताप, मुकदेव सिंह, मोहर सिंह, सुभाष सिंह, जनपद सीईओ निपेंद्र सिंह, तहसीलदार सुरेश राय,मनोहर गुप्ता, संजु सिंह, मनी बग्गा, प्रवीण गुर्जर, लव दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



### मां की हत्या करने वाला पुत्र चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सूरजपुर।** 29 मार्च को को ग्राम उमेश्वरपुर निवासी विरेन्द्र सिंह ने अपने खलिहान से पैरा को ढोने के लिए गांव के 5 लोगों को अपने घर बुलाया था। पैरा ढोने के बाद उसने घर के परछी में सभी को खिलाया पीलाया। इस दौरान शोर मचाने लगे। जिस पर विरेन्द्र सिंह की मं एतवारी उर्फ रतियारो द्वारा हल्ला करने से मना करने पर विरेन्द्र ने आवेश में आकर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया जिससे एतवारी की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया। मृतिका की पुत्री की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1)के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र सिंह आ. नैनसाय (35 वर्ष) ग्राम उमेश्वरपुर से पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या करने की बात कबूल की।



### अग्रवाल समाज ने जिले के निर्वाचित अग्र जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

**सूरजपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई व अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों व त्रि स्तरीय पंचायतों में अग्रवाल समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, जिपं सदस्य, जपं सदस्यों का एक समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश अग्रवाल व सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल व सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल के आतिथ्य में सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कोई भी हो अग्रवाल है तो मिलकर साथ देना है। इसे समाज के सभी जनप्रतिनिधियों को समझना होगा। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि वे 9 बार के निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं, इसके लिए जनता के बीच ईमानदारी के साथ आप लोग भी कार्य करें। उन्होंने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि उनकी जीत में अग्रवाल समाज का सबसे बड़ा योगदान रहा है। यह बात स्वयं सामाजिक एकता की ताकत बताता है। कार्यक्रम में जिले से शिवनंदनपुर नपं अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, पार्षद मुकेश गर्ग, मंजूलता गोयल, प्रमोद तायल, नपं प्रतापपुर के पार्षद मुकेश तायल व अन्य नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर उन्हें शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह के साथ अग्रसेन महाराज की प्रतिमा सप्रेम भेंट की गई।

## सड़क दुर्घटना के बाद रातभर घायल पड़ा रहा ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि ग्रामीण रात भर गड्ढे से घायल अवस्था में लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। सुबह जब ग्रामीणों ने उसे हाथ हिलाते देखा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस द्वारा ग्रामीण को बेहोशी की हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- लगातार रहा मदद की गुहार, अस्पताल में तोडा दम



बताया जा रहा है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम पैगा निवासी 61 वर्षीय भोला राम यादव 18 अप्रैल को शादी समारोह में शामिल होने के लिए नर्मदापुर आया हुआ था। ग्रामीण शादी समारोह में शामिल होने के बाद देर रात लगभग 2 बजे घर जाने के लिए बाइक से निकला था। इस दौरान रोपाखार पीएचसी के समीप ग्रामीण की बाइक अनियंत्रित होकर नीचे गड्ढे में गिर गई। बाइक दुर्घटना में भोला राम गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान रातभर ग्रामीण घायल अवस्था में मौके पर पड़ा रहा। शनिवार की सुबह ग्रामीण ने हाथ उठाकर इशारा किया तो किसी ग्रामीण की उसपर नजर पड़ी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर जब पुलिस पहुंची तो उसकी सांस चल रही थी। पुलिस ने मौके पर ही उसके शर्त को हटाकर देखा कि कहीं भोला राम पर हमला तो नहीं हुआ है इस दौरान उसकी सांस चल रही थी। पुलिस द्वारा तत्काल घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ देर बात उसकी मौत हो गई। इस मामले में अब जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक्र भोला राम यादव रातभर घायल अवस्था में रातभर खुले में पड़ा रहा। इस दौरान उसने लोगों से शोर मचाकर मदद की गुहार भी लगाई लेकिन घटना स्थल के पास ही पीएम कक्ष है और संभवतः डर के कारण लोगों ने आवाज सुनकर भी उस ओर जाने की हिम्मत नहीं जुटाई।

थाना प्रभारी भरतलाल साहू ने बताया कि ग्रामीण सड़क दुर्घटना में घायल हुआ और रात भर मौके पर ही पड़ा रहा। वह रात भर छटपटा रहा था। उसके कंधे पर चोट है। घटना की जांच चल रही है।




## अनाथ बेटी का अनोखी सोच संस्था बनी सहारा

**अम्बिकापुर।** पिता के साथ जीवन यापन कर रही बेटी पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे पिता की मौत हो गई। परिवार में किसी के नहीं होने पर अनाथ बेटी पिता के अंतिम संस्कार को लेकर न सिर्फ परेशान थी बल्कि किसी के मदद की आस पर रोती बिलखती रही। इधर अनाथ बेटी की परेशानी की जानकारी लगते ही शहर के अनोखी संस्था के पदाधिकारी व सदस्य न सिर्फ अनाथ बेटी का सहारा बने बल्कि पूरे धार्मिक रीति-रिवाज से मृतक का अंतिम संस्कार कराया। अनोखी संस्था के कार्यो की मोहल्ले वासी सहित शहर के लोगों ने काफी सराहना की।

- पिता के मौत पर संस्था के पदाधिकारियों ने कराया धार्मिक रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार



सत्तीपारा निवासी प्रदीप श्रीवास्तव जो की अनाथ आश्रम से गोद लिए हुए बेटी के साथ अपना जीवन बसर कर रहा था। विगत कई माह से वे स्वास्थ्य संबंधी तकलीफों से जूझ रहे थे। बीती रात सस्वास्थ संबंधित कारणों से निधन हो गया। परिवार में केवल उसकी गोद ली बेटी ही सहारा थी जबकि भाई कामकाज की वजह से अन्य शहर में रहते थे। जैसे ही उनके निधन और पारिवारिक स्थिति की जानकारी मोहल्लेवासियों द्वारा अनोखी सोच संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू को दी, अनोखी सोच संस्था के सभी सदस्यों ने धर्म मर्यादाओं को निभाते हुए दिवंगत प्रदीप श्रीवास्तव का पूर्ण धार्मिक रीति- रिवाज से शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में मृतक के भाई व मोहल्लेवासियों संग मिलकर अंतिम संस्कार कराया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रकाश साहू, अभय साहू, संजू चटर्जी, सुनील साहू, लालजी, मोती ताम्रकार साहू, दिलीप श्रीवास्तव, बीरेंद्र साहू, भोला, दिनेश गर्ग, भक्कू मुंडा, बिट्टू मिश्रा, प्रदीप साहू, नितेश, निशांत जायसवाल, रोहित सिंह, विकास साहू, प्रदीप साहू, ननकू मुंडा, रंजीत साहू, सूरज साहू, राजाबाबू, राहुल, मिथलेश, नीरज, अनिल चौधरी, अजय साहू, गोपी साहू, बनाफर राम, सावन केरकेट्टा, डब्लू साहू, सत्यम, चुनमुन, सोनू मुलदियार, पूनव साहू, समित मुंडा, मनोज अग्रवाल, गुड्डू, मोनू कुजूर, रूपेश साहु, गजानंद साहु, बजरंग साहू सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।





